<u>समाचार</u>

# शहर को मिला एक और सर्वसुविधायुक्त उद्यान

## (सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की उपस्थिति में गौमाता चौक के समीप नवनिर्मित उद्यान का किया लोकार्पण, वार्ड क्र. 04 में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन)

कोरबा 07 नवम्बर 2019 –कोरबा शहर में पूर्व में निर्मित किए गए दर्जनों उद्यानों के साथ–साथ आज शहर को एक और सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात प्राप्त हुई। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की उपस्थिति में आज इमलीडुग्गू गौमाता चौक के समीप नवनिर्मित उद्यान का लोकार्पण किया, इसके साथ ही वार्ड क्र. 04 में एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी उनके करकमलों से किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 01 करोड़ 19 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 08 अंतर्गत कोरबा चांपा मुख्य मार्ग पर स्थित इमलीडुग्गू गौमाता चौक के सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती में मुस्लिम जमात खाना के पास 40 लाख 45 हजार रूपये की लागत से निगम द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, जिसका भूमिपूजन भी आज किया गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने इमलीडुग्गू गौमाता चौक पर भव्य उद्यान के निर्माण के लिए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं वहां के निवासियों को बधाई दी। इसी प्रकार वार्ड क्र. 04 में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए भी साधुवाद दिया। उन्होने अपने उद्बोधन में श्रीमती महंत ने आगे कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विपरित परिस्थितियों में भी कोरबा के विकास के लिए बहुत अच्छा काम किया है तथा उनके कार्यकाल में किए गए विकास कार्य कोरबा के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। इस

अवसर पर उन्होने आगे कहा कि मैं कोरबा क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर हूॅ और आगे भी रहूॅगी, यहां की जनता का जो आशीर्वाद व स्नेह मुझे मिला है, वह भविष्य में भी मिलता रहेगा, यह मैं विश्वास रखती हूॅ। उन्होने कोरबा को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने के लिए उपस्थित नागरिकों से अपना सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के विगत पांच वर्ष के कार्य कोरबा के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण हैं, इस दौरान कोरबा के विकास को जिस तरह से गति एवं सही दिशा दी गई हैं, उससे बरसों की समस्याएं दूर हुई हैं, पानी, बिजली, सड़क, नाली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। उन्होने आगे कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत का भरपूर आशीर्वाद इन विकास कार्यो के लिए प्राप्त होता रहा है।

<u>उद्यान में लगेगा ओपनजिम व फिसल पट्टी</u>– उद्यान के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उद्यान का भ्रमण किया तथा आवश्यकता एवं वहां के निवासियों की मांग पर उद्यान में ओपनजिम की स्थापना किए जाने तथा छोटे बच्चों के लिए फिसल पट्टी लगाए जाने की घोषणा की।

<u>किया गया राशन कार्डो का वितरण</u> – वार्ड क. 04 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण किया तथा बाल सुरक्षा समिति की सदस्याओं को पहचान पत्र व ड्रेस प्रदान किए।

लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, अपर आयुक्त अशोक शर्मा, कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, ग्रामीण अध्यक्ष उषा तिवारी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सपना चौहान, पूर्व सभापति संतोष राठौर, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी, पार्षद मनीष शर्मा, मदन सिंह, गीता महंत, छबि वाल्मिकी, कुसुम द्विवेदी, अर्चना उपाध्याय, रेखा त्रिपाठी, संतोष लांझेकर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, गीता कैवर्त, राजू सोनी, कुशाल चौहान ,मदन आदिले, कृष्णा देवांगन, लक्ष्मी देवांगन आदि के साथ काफी संख्या में अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।